नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय) *(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

प्रदर्शनकारी कला फ़िल्म एवं नाटक विभाग में विभिन्न कार्यशालाएं आयोजित

वर्धा, 10 मार्च 2017 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के प्रदर्शनकारी कला (फ़िल्म एवं नाटक) विभाग द्वारा विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

विभाग में संचालित एम.ए.,बी.वोक. तथा एम.फिल. के व्यावहारिक पाठ्यक्रम के आधार पर यह कार्यशालाएं आयोजित की गयी । मुंबई के प्रसिद्ध फ़िल्म अभिनेता किशोर कदम ने 'फ़िल्म के लिए अभिनय', अभिनेता तथा निर्देशक मिलींद शिंदे ने 'फ़िल्म निर्देशन तथा अभिनय' की कार्यशालाओं का संचालन किया।

प्रसिद्ध मंच विन्यासकार तथा नाट्य निर्देशक रमेश लखमापुरे द्वारा मंच विन्यास, वस्त्रविन्यास तथा मंच विन्यासकार किशोर बत्तासे, नागपुर द्वारा मंच आलोकन कार्यशाला का संचालन किया गया । प्रसिद्ध फ़िल्म निर्माता, निर्देशक तथा नाटककार गजेंद्र अहिरे, मुंबई द्वारा छात्रों को 'फ़िल्म निर्माण प्रक्रिया', 'फ़िल्म निर्देशन प्रक्रिया' पढ़ाई गयी। साथ ही उनकी टूरींग टाकीज, पोस्टकार्ड, सुंबरान आदी फ़िल्मों का प्रदर्शन कर फ़िल्म एप्रिसिशएशन की प्रक्रिया को भी समझाया गया।

इसके पूर्व विभाग में प्रसिद्ध अभिनेता ललित परिमू ने फ़िल्म अभिनय, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के पूर्व निदेशक देवेंद्र राज अंकुर ने नाट्यकर्म, नाट्यशास्त्र, प्रसिद्ध अभिनेत्री असीमा भट्ट ने अभिनय की कक्षाओं का संचालन किया।

इन सभी कार्यशालाओं का संयोजन प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. सतीश पावड़े ने किया । सह संयोजक के रूप में विभाग के सहायक प्रोफेसर सुरभि विप्लव, डॉ. अश्विनी कुमार सिंह, अभिषेक सिंह तथा ग्यासुद्दीन खाँ ने कार्य किया । तकनीकी सहायक डॉ. हिमांशु नारायण द्वारा किया गया ।